शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
**Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.**

Website-Govtcollegesilphili.ac.in E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com

दिनांक 8 फरवरी 2020

# कैरियर काउंसलिंग के तहत हिंदी भाषा में दक्षता हेतु कार्यशाला

शासकीय महाविद्यालय सिलसिले में 8 फरवरी 2020 शनिवार को कैरियर काउंसलिंग के तहत हिंदी भाषा की दक्षता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी भाषा के ज्ञान के अनिवार्यता को देखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। जिसमें मुख्यत: संधि, संधि विच्छेद तथा समास व समास विग्रह पर प्रकाश डाला गया। प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने बताया किस संधि और संयोग में अंतर है। दो वर्णों के मिलने से जहां विकार या परिवर्तन होता है, उसे ही हम संधि कहते हैं। समास का अर्थ संक्षेप होता है समास में शब्द समूह को मिलाकर एक करते हैं और उसे छोटा बनाते हैं वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी को देखते हुए समास की उपयोगिता बहुत अधिक है। विभिन्न भाषा वैज्ञानिकों ने इससे बहुत महत्वपूर्ण माना है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी संवादात्मक रही। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के बीच भी प्रश्न पूछकर अपने शंका का समाधान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम की उपयोगिता को रेखांकित किया उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से हम भाषा विशेष में दक्ष होकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकते हैं। आज का कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए यह संकेत है कि उन्हें घर में समय निकालकर हिंदी भाषा के पठन पर जोर देना चाहिए तथा उसके व्याकरण को भी समझना चाहिए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं के अतिरिक्त सभी प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन प्राध्यापक श्री आशीष कौशिक ने किया।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला–सूरजपुर, छ.ग.

दिनांक 14 सितंबर 2019

## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में हिंदी दिवस का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में 14 सितंबर 2019 दिन शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। उसके पश्चात प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने हिंदी भाषा की उत्पत्ति तथा उसके विकास के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को भारत की राजभाषा और देवनागरी को उसकी लिपि घोषित किया गया। उसी दिन से हिंदी को राजभाषा माना गया तो 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। हिंदी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी भाषा है और वह दुनिया के अधिकांश प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है फिजी सूरीनाम त्रिनिदाद में हिंदी बहुसंख्यक लोगों की बोली है। दुनिया के अधिकांश बड़े देशों में भारतीय निवास करते हैं जो लगातार हिंदी का प्रयोग करते हैं। हिंदी भाषा का प्रयोग करना किसी हीन भावना का परिचायक नहीं है सत्ता हिंदी जानना और उसका प्रयोग करना आवश्यक है भारत देश के उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक किसी भी राज्य में हिंदी बोलने वालों का काम चल सकता है। वह अपनी बात हिंदी के माध्यम से लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

कार्यक्रम के अगले चरण में बीएससी अंतिम की छात्रा प्रियंका सहा ने हिंदी साहित्य का परिचय दिया। बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा मोनिका दास ने मोहन राकेश की कहानी **मलबे का मालिक** का पाठ किया। बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनीता राजवाड़े माखनलाल चतुर्वेदी की कविता ने **नि:शस्त्र सेनानी** तथा बीए अंतिम की छात्रा सीमा एकका ने अज्ञेय की कविता **साम्राज्ञी का नैवेद्य दान** कविता का पाठ किया कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम कुमार मिश्र ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के नि:संकोच प्रयोग की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं के अतिरिक्त प्राध्यापक गण तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने किया।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
**Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.**

Website-Govtcollegesilphili.ac.in E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com

दिनांकः–10 सितंबर 2019

# आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 सितंबर 2019 को हिंदी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रथम तल स्थित हॉल में हिंदी भाषा और साहित्य विषय पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसमें सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Govt. College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

## कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
### जिला—सूरजपुर, छ.ग.

दिनांक 14 सितंबर 2019

### हिंदी दिवस पर कार्यक्रम

### कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों की सूची

| SL. NO. | NAME OF STUDENTS | CLASS |
|---|---|---|
| 1 | MANJU KUJUR | B. Sc PART-1 |
| 2 | PANESHWARI RAJWADE | B. A. PART-1 |
| 3 | ROSHNI EKKA | B. Sc PART-1 |
| 4 | ANISHA EKKA | B. Sc PART-1 |
| 5 | JIRMEN | B. Sc PART-1 |
| 6 | DEVMUNI SINGH | B. Sc PART-1 |
| 7 | SONAMATI SINGH | B. Sc PART-1 |
| 8 | NEHA KUSHWAHA | B. A. PART-2 |
| 9 | SANJAY SINGH | B. A. PART-2 |
| 10 | BHOLA SINGH | B. A. PART-1 |
| 11 | SANDEEP SINGH | B. A. PART-2 |
| 12 | TWINKAL GIRI | B. A. PART-3 |
| 13 | NEETU RAJWADE | B. Sc PART-1 |
| 14 | PURNIMA RAJWADE | B. Sc PART-2 |
| 15 | AMRITA DAS | B. Sc PART-1 |
| 16 | ANITA SINGH | B. A. PART-2 |
| 17 | REENA DEVANGAN | B. A. PART-3 |
| 18 | ROSHNI NETAM | B. Sc PART-2 |
| 19 | PREETI | B. Sc PART-1 |
| 20 | TAPESHWARI | B. Sc PART-3 |
| 21 | NEHA | B. Sc PART-2 |
| 22 | POOJA RAVI | B. Sc PART-1 |
| 23 | SADHNA SINGH | B. Sc PART-3 |
| 24 | RANJALA | B. A. PART-2 |
| 25 | MUSKAN BHANI | B. Sc PART-3 |
| 26 | PRIYANKA SAHA | B. Sc PART-3 |
| 27 | SADHNA SINGH | B. Sc PART-3 |
| 28 | SEEMA EKKA | B. A. PART-3 |
| 29 | MONIKA BAIDYA | B. A. PART-2 |
| 30 | REKHA SINGH | B. A. PART-3 |

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 31 | TARABAI RAJWADE | B. A. PART-2 |
| 32 | SEEMA RAJWADE | B. A. PART-2 |
| 33 | ANITA RAJWADE | B. A. PART-2 |
| 34 | SHESH KUMAR RAJWADE | B. A. PART-2 |
| 35 | UPASANA KUSHWAHA | B. A. PART-2 |
| 36 | SUNDAR SAI | B. Sc PART-3 |
| 37 | SUMAN SINGH | B. Sc PART-3 |
| 38 | RAVINA TEKAM | B. Sc PART-3 |
| 39 | KIRAN SINGH | B. Sc PART-3 |
| 40 | SHANTI YADAV | B. Sc PART-3 |
| 41 | SANDEEP SINGH | B. A. PART-2 |
| 42 | BUDHESHWAR | B. A. PART-2 |

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग.

दिनांक 14 सितंबर 2019

## हिंदी दिवस पर कार्यक्रम

## कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के हस्ताक्षर

| SL. NO. | NAME OF STUDENTS | CLASS | SIGNATURE |
|---|---|---|---|
| 1 | MANJU KUJUR | B. Sc PART-1 | |
| 2 | PANESHWARI RAJWADE | B. A. PART-1 | |
| 3 | ROSHNI EKKA | B. Sc PART-1 | |
| 4 | ANISHA EKKA | B. Sc PART-1 | |
| 5 | JIRMEN | B. Sc PART-1 | |
| 6 | DEVMUNI SINGH | B. Sc PART-1 | |
| 7 | SONAMATI SINGH | B. Sc PART-1 | |
| 8 | NEHA RAJWADE | B. A. PART-2 | |
| 9 | SANJAY SINGH | B. A. PART-2 | |
| 10 | BHOLA SINGH | B. A. PART-1 | |
| 11 | SANDEEP SINGH | B. A. PART-2 | |
| 12 | TWINKAL GIRI | B. A. PART-3 | |
| 13 | NEETU RAJWADE | B. Sc PART-1 | |
| 14 | PURNIMA RAJWADE | B. Sc PART-2 | |
| 15 | RITA RAJWADE | B. Sc PART-1 | |
| 16 | ANITA SINGH | B. A. PART-2 | |
| 17 | REENA DEVANGAN | B. A. PART-3 | |
| 18 | ROSHNI NETAM | B. Sc PART-2 | |
| 19 | PREETI | B. Sc PART-1 | |
| 20 | SHREYA | B. Sc PART-3 | |
| 21 | NEHA RAJWADE | B. Sc PART-2 | |
| 22 | POOJA RAVI | B. Sc PART-1 | |
| 23 | SADHNA SINGH | B. Sc PART-3 | |
| 24 | RANJALA | B. A. PART-2 | |
| 25 | MUSKAN BHANI | B. Sc PART-3 | |
| 26 | PRIYANKA SAHA | B. Sc PART-3 | |
| 27 | SADHNA SINGH | B. Sc PART-3 | |
| 28 | SEEMA EKKA | B. A. PART-3 | |
| 29 | MONIKA BAIDYA | B. A. PART-2 | |
| 30 | REKHA SINGH | B. A. PART-3 | |
| 31 | TARA RAJWADE | B. A. PART-2 | |
| 32 | SEEMA RAJWADE | B. A. PART-2 | |
| 33 | ANITA RAJWADE | B. A. PART-2 | |
| 34 | DILESHWARI SINGH | B. A. PART-2 | |
| 35 | RADHA RAJWADE | B. A. PART-2 | |
| 36 | SUNDAR SAI | B. Sc PART-3 | |
| 37 | SUMAN SINGH | B. Sc PART-3 | |
| 38 | RAVINA TEKAM | B. Sc PART-3 | |
| 39 | KIRAN SINGH | B. Sc PART-3 | |
| 40 | SHANTI YADAV | B. Sc PART-3 | |
| 41 | SANDEEP SINGH | B. A. PART-2 | |
| 42 | BUDHESHWAR | B. A. PART-2 | |

Scanned with CamScanner

20.08.19 (5A) 7
22.08.19 6

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. / email-govt.collegesilphili@gmail.com

## हरिशंकर परसाई जयंती


शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में व्यंग्य सम्राट हरिशंकर परसाई की 98वीं जयंती पर अनेक कार्यक्रम रखे गए। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य श्री अमित सिंह बनाफर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विषय की जानकारी देते हुए सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने हरिशंकर परसाई के जीवन, व्यक्तित्व तथा साहित्य में उनके अवदान की जानकारी दी। उन्होने बताया कि परसाई ने समाज के सुनहरे पक्ष के पीछे छिपी कुरूपता को अपने व्यंग्यों के माध्यम से दिखाया। हरिशंकर परसाई का व्यक्तित्व कबीर की तरह था। वे आंखिन देखी कहते थे, यथार्थ कहते थे। उनका स्वभाव था–साफ साफ देखना, कहना और सबके साथ भाईचारा निभाना, श्रम की शक्ति से बड़ी शक्ति किसी को न समझना और न ही किसी को बड़ा या छोटा समझना। परसाई जी सर्वाधिक महत्त्व जीवनमूल्यों को देते थे। तत्पश्चात् बी. ए. अंतिम वर्ष की छात्रा शमीना परवीन ने परसाई के जीवन वृत्त पर आधारित एक आलेख का वाचन किया, जिसमें उन्होने परसाई के जीवन तथा उनके साहित्यिक जीवन के विविध पक्षों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। परसाई की एक व्यंग्य रचना **सदाचार का ताबीज** का वाचन बी. एससी द्वितीय की छात्रा पूर्णिमा राजवाडे ने किया। इसके पश्चात् periwinkle द्वारा youtube पर अपलोड किए गए परसाई के व्यंग्य **भोलाराम का जीव** वीडियो का प्रदर्शन किया गया तथा उसके माध्यम से कार्यालयों में व्याप्त घूसखोरी के प्रति सचेत किया गया। केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा निर्मित वीडियो के माध्यम से परसाई के जीवन, कृतित्व तथा प्रख्यात् आलोचक नामवर सिंह तथा राजेंद्र यादव के उनके रचना कर्म के प्रति विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। प्रभारी प्राचार्य श्री अमित सिंह बनाफर ने विद्यार्थियों को परसाई जी की रचनाओं के माध्यम से समाज को भ्रष्टाचार, अंधविश्वास, तथा अन्य बुराइयों से मुक्त कर सुंदर बनाने का संकल्प लेने को कहा। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री भारत लाल कंवर, श्री आशीष कौशिक, श्री संदीप सोनी, कार्यालयीन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner





परसाई की एक व्यंग्य रचना सदाचार का ताबीज का वाचन
बी.एससी द्वितीय की छात्रा पूर्णिमा राजवाडे





प्रभारी प्राचार्य श्री अमित सिंह बनाफर का वक्तव्य

Scanned with CamScanner



परसाई के व्यंग्य भोलाराम का जीव वीडियो का प्रदर्शन



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

त हो गंभीर चोटें आई है।

अम्बिकावाणी 24 अगस्त 2019



# परसाई ने व्यंगों के माध्यम से हमेशा समाज के सुनहरे पक्ष के पीछे छिपी कुरूपता को बताया

## सिलफिली महाविद्यालय में मनी हरिशंकर परसाई की जयंती




**अंबिकापुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में व्यंग सम्राट हरिशंकर परसाई की ९८ वीं जयंती पर अनेक कार्यक्रम रखे गए। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य अमित शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विषय की जानकारी देते हुए सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने हरिशंकर परसाई के जीवन व्यक्तित्व तथा साहित्य में उनके अवदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परसाई ने समाज के सुनहरे पल के पीछे छिपी कुरूपता को अपने रंगों के माध्यम से दिखाया। हरिशंकर परसाई का व्यक्तित्व कबीर की तरह था। वे आंखों देखी और यथार्थ कहते थे। उनका स्वभाव साफ-साफ देखना, कहना और सबके साथ भाईचारा की भावना, श्रम की शक्ति से बड़ी शक्ति किसी को ना समझना और ना ही किसी को बड़ा या छोटा समझना था। परसाई सर्वाधिक महत्व जीवन मूल्यों को देते थे। तत्पश्चात बीए अंतिम वर्ष की छात्रा समीना परवीन ने परसाई के जीवन वृत्त पर आधारित एक आलेख का वाचन किया। प्रभारी प्राचार्य अमित सिंह बनाफर ने विद्यार्थियों को परसाई जी की रचनाओं के माध्यम से समाज को भ्रष्टाचार अंधविश्वास तथा अन्य बुराइयों से मुक्त कर सुंदर बनाने का संकल्प लेने को कहा। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, भारत लाल कुंवर आशीष कौशिक, संदीप सोनी सहित अन्य कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

20.08.19

51

...क की मांग उठाई जाए ताकि मार्ग की चौड़ाई कम की जाए ताकि के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक हो, जा

पत्रिका 26 अगस्त 2019

**आयोजन :** सिलफिली में विद्यार्थियों ने मनाई हरिशंकर परसाई की जयंती

# 'समाज के पीछे छिपी कुरूपता को फलक पर लाना शब्दों की कुशलता'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि

अंबिकापुर. समाज के पीछे छिपी कुरूपता को व्यंग्यों के माध्यम से फलक लाना शब्दों की कुशलता है। हरिशंकर परसाई का व्यक्तित्व कबीर की तरह था। यह बातें शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में हरिशंकर परसाई जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि परसाई जी आखिन देखी कहते थे जो यथार्थ तस्वीर होती थी। उन्होंने कहा कि निरपेक्ष देखना, सीधे लिखना और समरसता के साथ जीवन जीना ही लक्ष्य था। परसाई के साहित्य में श्रम ही सबसे बड़ी शक्ति है। व्यक्ति न तो बड़ा होता है और न ही छोटा। वह जीवन मूल्यों को सबसे ज्यादा महत्व देते थे। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती तथा हरिशंकर परसाई के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीए अंतिम वर्ष की छात्रा शमीना परवीन ने हरिशंकर परसाई के व्यक्तित्व व कृतित्व का वाचन किया। परसाई की व्यंग्य रचना सदाचार का ताबीज का वाचन बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े ने किया। 'भोलाराम का जीव' का वीडियो दिखा कर घूस का मूसा भाग गया। रिश्वतखोरी के खिलाफ सचेत किया। केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा निर्मित वीडियो के माध्यम से आलोचक नामवर सिंह तथा राजेन्द्र यादव की टिप्पणी दिखाई गई। प्रभारी प्राचार्य अमित सिंह बनाफर ने विद्यार्थियों को भ्रष्टचार, अंधविश्वास तथा अन्य बुराइयों के खिलाफ सचेत किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हिन्दी साहित्य परिषद् की काव्यगोष्ठी

25 अगस्त 2019 दैनिक भा...

# परसाई की रचनाओं से अंधविश्वास को मिटाने मिलती है सीखः प्राचार्य



अंबिकापुर। सरकारी कॉलेज सिलफिली में हरिशंकर परसाई की जयंती पर छात्र-छात्राओं ने संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अमित सिंह बनाफर ने कहा कि परसाई जी रचनाओं के माध्यम से भ्रष्टाचार, अंधविश्वास सहित समाज में फैली अनेक बुराइयों को मिटाने का काम करते थे। वर्तमान परिवेश में हम सभी को उनकी रचनाओं से समाज को जागरूक करने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा जब सभी इसके लिए एक साथ चलें। सहायक प्राध्यापक ने कहा कि परसाई का व्यक्तित्व कबीर की तरह था। वे आंखिन देखी व यथार्थ कहते थे। उनका स्वभाव था साफ देखना व कहना और सभी के साथ भाईचारा निभाना। वे जीवन मूल्यों को सबसे ज्यादा महत्व देते थे। छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े ने परसाई की सदाचार का ताबीज नामक रचना का पाठ किया। विद्यार्थियों ने परसाई की रचनाओं का प्रदर्शन कर समाज में फैले भ्रष्टाचार की जानकारी दी।

Scanned with CamScanner

स्पायरोमेटरी ऑडियोमेट्री, पैथेलॉजी व अन्य उपलब्ध है। जिसमें विजेता टीम को विधायक सहित अन्य उपस्थित थे। वाड्रफनगर हल्का नम्बर 27 शारदापुर

25 अगस्त 2017 हरिभूमि

## सिलफिली कॉलेज में मनाई गई जयंती, हुए विविध कार्यक्रम

# कबीर जैसा था हरिशंकर परसाई का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में व्यंग्य सम्राट हरिशंकर परसाई की 98 वीं जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने हरिशंकर परसाई के जीवन, व्यक्तित्व तथा साहित्य में उनके अवदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परसाई ने समाज के सुनहरे पक्ष के पीछे छिपी कुरूपता को अपने व्यंग्यों के माध्यम से दिखाया। हरिशंकर परसाई का व्यक्तित्व कबीर की तरह था। वे आंखिन देखी कहते थे, यथार्थ कहते थे। उनका स्वभाव था साफ-साफ देखना, कहना और सबके साथ भाईचारा निभाना, श्रम की शक्ति से बड़ी शक्ति किसी को न समझना और न ही किसी को बड़ा या छोटा समझना। परसाई जी सर्वाधिक महत्व जीवनमूल्यों को देते थे। बीए अंतिम वर्ष की छात्रा शमीना परवीन ने परसाई के जीवन वृत्त पर आधारित एक आलेख का वाचन किया जिसमें उन्होंने परसाई के जीवन तथा उनके साहित्यिक यात्रा के विविध पक्षों की जानकारी दी। परसाई की व्यंग्य रचना सदाचार का ताबीज का वाचन छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े ने किया। कार्यक्रम में परसाई के व्यंग्य भोलाराम का जीव वीडियो का प्रदर्शन किया गया तथा उसके माध्यम से कार्यालयों में व्याप्त घूसखोरी के प्रति सचेत किया गया। केन्द्रीय शैक्षिक प्राद्योगिकी संस्थान द्वारा निर्मित वीडियो के माध्यम से परसाई के जीवन, कृतित्व तथा प्रख्यात अलोचक नामवर सिंह तथा राजेन्द्र यादव के उनके रचना कर्म के प्रति विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। प्रभारी प्राचार्य अमित सिंह बनाफर ने विद्यार्थियों को परसाई की रचनाओं के माध्यम से समाज को भ्रष्टाचार, अंधविश्वास तथा अन्य बुराईयों से मुक्त कर सुंदर बनाने का संकल्प लेने को कहा। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, कार्यालयीन कर्मचारी तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।




जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त करतीं अतिथि।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. *email-govt.collegesilphili@gmail.com*


## प्रेमचंद स्मरण दिवस

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में उपन्यास सम्राट प्रेमचंद की 140वीं जयंती को **प्रेमचंद स्मरण दिवस** के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार तथा अधिवक्ता श्री रमेश द्विवेदी थे तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. विश्वासी एक्का, सहायक प्राध्यापक, राजमोहिनी देवी शासकीय महाविद्यालय अंबिकापुर रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य श्री बी के त्रिपाठी ने विषय की जानकारी देते हुए प्रेमचंद की कहानी पंच परमेश्वर कहानी में निहित सर्वधर्म समभाव तथा न्याय के व्यवस्था के आदर्श की विशेष चर्चा की। तत्पश्चात् बी ए. अंतिम वर्ष की छात्रा शमीना परवीन ने प्रेमचंद के जीवन वृत्त पर आधारित एक आलेख का वाचन किया, जिसमें उन्होने प्रेमचंद के बचपन, उनके साहित्यिक तथा उनके जीवन की के विविध पक्षों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। प्रेमचंद के लेख **'स्वदेशी आंदोलन'** का वाचन बी एससी प्रथम वर्ष की छात्रा वैष्णवी ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. विश्वासी एक्का ने प्रेमचंद के ग्रामीण जीवन पर आधारित प्रमुख कहानियों तथा गोदान उपन्यास में वर्णित ग्राम्य जीवन की विसंगतियों आर्थिक असमानताओं को रेखांकित करते हुए भविष्य में ग्रामीणों की जागरुकता से उनके जीवन में सुधार की संभावना व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि के वक्तव्य के पश्चात् लोक सभा टीवी द्वारा प्रेमचंद पर निर्मित एक वीडियो का प्रदर्शन किया गया जिसके माध्यम से मुख्यतः लमही गाँव तथा उसमें स्थित प्रेमचंद के घर तथा उनसे संबंधित विशिष्ट स्थलों को प्रदर्शित किया गया। तत्पश्चात् बी. एससी द्वितीय की छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े तथा बी ए द्वितीय के छात्र संजय सिंह ने प्रेमचंद की चर्चित तथा नारी सशक्तीकरण की मिसाल कहानी **'सुभागी'** का पाठ किया।


कार्यक्रम के संचालक श्री अजय कुमार तिवारी ने प्रेमचंद के सादगी पूर्ण जीवन की चर्चा करते हुए उनसे संबंधित कुछ घटनाओं का उदाहरण दिया। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद के गुल्ली डंडे के प्रेम की चर्चा करते हुए **'नवाबराय की टांड'** (प्रेमचंद का गुल्ली डंडे का छक्का) के उस इलाके में प्रसिद्ध होने की जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री रमेश द्विवेदी ने प्रेमचंद के साहित्य के औचित्य की चर्चा की। उन्होने कहानी के उत्स तथा उसके विकास के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि प्रेमचंद ने कहानियों के माध्यम से हमें सामाजिक सरोकारों से परिचित कराया। उससे पूर्व की कहानियाँ परियों ऐयारों इत्यादि से संबंधित होती थी। उन्होंने मुख्य रूप से **ईदगाह** तथा **कफन** कहानी के मनोवैज्ञानिक पक्ष की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम के समापन के समय आभार प्रदर्शक व सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री भारत लाल कंवर, डॉ. प्रेमलता एक्का, श्री आशीष कौशिक, श्री बिरेंद्र सिन्हा, श्री रवि सिंह, श्री अशोक राजवाड़े, श्रीमती सुनीता गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner





मंचासीन अतिथि श्री प्रदीप कुमार एक्का, श्री रमेश द्विवेदी साहित्यकार, श्रीमती विश्वासी एक्का साहित्यकार तथा सहायक प्राध्यापक राजमोहिनी पीजी महाविद्यालय अंबिकापुर तथा प्राचार्य महोदय अतिथियों का परिचय कराते सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी



वक्तव्य देते श्री रमेश द्विवेदी साहित्यकार

Scanned with CamScanner



कार्यक्रम का आनंद लेते विद्यार्थी




प्रेमचंद के जीवन वृत्त पर आधारित एक आलेख का वाचन करती
बी ए. अंतिम वर्ष की छात्रा शमीना परवीन

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

3 अगस्त 2017, हरिभूमि

## सिलफिली कालेज में जयंती को स्मरण दिवस के रूप में मनाया

# प्रेमचंद के जीवनवृत्त पर आधारित आलेख का वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मटनपुर

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में उपन्यास सम्राट प्रेमचंद की 140 वीं जयंती को प्रेमचंद स्मरण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार व अधिवक्ता रमेश द्विवेदी थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. विश्वासी एक्का थीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य बीके त्रिपाठी ने विषय की जानकारी देते हुए प्रेमचंद की कहानी पंच परमेश्वर कहानी में निहित सर्वधर्म समभाव तथा न्याय के व्यवस्था के आदर्श की विशेष चर्चा की। इसके पश्चात छात्रा शमीना परवीन ने प्रेमचंद के जीवन वृत्त पर आधारित एक आलेख का वाचन किया। प्रेमचंद के लेख स्वदेशी आंदालन का वाचन छात्रा वैष्णवी ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एक्का ने प्रेमचंद के ग्रामीण जीवन पर आधारित प्रमुख कहानियों तथा गोदान उपन्यास में वर्णित ग्राम्य जीवन की विसंगतियों आर्थिक असमानताओं को रेखांकित करते हुए भविष्य में ग्रामीणों की जागरूकता से उनके जीवन में सुधार की संभावना व्यक्त की। छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े तथा छात्र संजय सिंह ने प्रेमचंद की चर्चित तथा नारी सशक्तीकरण की मिसाल कहानी सुभागी का पाठ किया। संचालक अजय कुमार तिवारी ने प्रेमचंद के सादगी पूर्ण जीवन की चर्चा करते हुए उनसे संबंधित कुछ घटनाओं का उदाहरण दिया। मुख्य अतिथि श्री द्विवेदी ने प्रेमचंद के साहित्य के औचित्य की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, भारत लाल कंवर, डॉ. प्रेमलता एक्का, आशीष कौशिक, बिरेन्द्र सिन्हा, रवि सिंह, अशोक राजवाड़े, श्रीमती सुनीता गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करती छात्रा।

03 अगस्त 2019, पत्रिका

**कार्यक्रम:** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में किया गया स्मरण

# 'मुंशी प्रेमचंद ने सामाजिक विसंगतियों व रूढ़ियों पर किया है बड़ा प्रहार'

**अंबिकापुर @ पत्रिका.** शासकीय कॉलेज सिलफिली में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर विमर्श कर 140 जयंती को स्मरण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य बीके त्रिपाठी ने पंच परमेश्वर कहानी के कथ्य और सर्जना से सभी को अवगत कराया। बीए अंतिम वर्ष की छात्रा शमीना ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डाला। वैष्णवी ने स्वदेशी आंदोलन लेख का वाचन किया। मुख्य अतिथि रमेश द्विवेदी ने प्रेमचंद का साहित्य और परिवेश के बारे में बताया। ईदगाह, कफन के माध्यम से सामाजिक परिवेश से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि विश्वासी एक्का ने प्रेमचंद की कहानियों और गोदान की पृष्ठभूमि तथा परिवेश को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक जीवन में तात्कालिक विसंगतियों को प्रेमचंद श्रेष्ठतम तरीके से प्रस्तुत किया है। पूर्णिमा तथा संजय राजवाड़े ने सुभागी कहानी, अजय कुमार तिवारी ने गुल्ली डंडा के साहित्य विमर्श से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान अमित सिंह बनाफर, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, प्रेमलता एक्का, वीरेन्द्र सिन्हा, रवि सिंह, अशोक राजवाड़े, सुनीता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी

PAGE NO.:
DATE: / /

31/7/19

# "प्रेमचंद जयंती पर व्याख्यान"

आज दिनांक 31 जुलाई 2019 को शा. महा. शिवरीनारायण में प्रसिद्ध साहित्यकार प्रेमचंद जी का जयंती मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में अभिकापुर नगर के प्रख्यात एवं साहित्यकार श्री रमेश द्विवेदी जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विश्वासी एक्का (सहा. प्राध्यापक) शा. कन्या महाविद्यालय अं.पुर एवं डॉ. प्रदीप एक्का (स.प्रा.(समाजशास्त्र)) शा. पी.जी. कालेज अम्बिकापुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बी.के. त्रिपाठी (प्रभारी प्राचार्य) द्वारा की गई।

उक्त कार्यक्रम में

1. श्री रमेश द्विवेदी —
2. श्रीमती डॉ. विश्वासी एक्का —
3. डॉ. प्रदीप एक्का
4. श्री बी. के. त्रिपाठी —
5. श्री भारत लाल केवट
6. श्री अखिल सिंह —
7. श्री आशीष कौशिक
8. श्री अजय कुमार तिवारी —
9. श्रीमती शान्ति शांडिल्य
10. डॉ. प्रेमलता एक्का
11. श्रीमती सुजाता —

s Signature........

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.
Website-Govtcollegesilphili.ac.in E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com

दिनांक 22 फरवरी 2019

## करियर काउंसलिंग के तहत हिंदी भाषा में दक्षता हेतु कार्यशाला का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में 22 फरवरी 2019 शुक्रवार को हिंदी भाषा में दक्षता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने प्रयोग के आधार पर शब्दों के प्रकारों की चर्चा की। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कृति की देवी मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। प्राध्यापक से अजय कुमार तिवारी ने बताया के प्रयोग के आधार पर शब्द के दो प्रकार होते हैं-विकारी और अविकारी। विकारी शब्दों में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया तथा अविकारी शब्दों में क्रिया विशेषण, संबंध बोधक, समुच्चयबोधक और विस्मयादिबोधक शब्द आते हैं विकारी शब्दों में लिंग, वचन, क्रिया, काल तथा कारक इत्यादि के कारण परिवर्तन होते हैं। यदि शब्दों के प्रकृति को ठीक-ठीक समझ लिया जाए तो लेखन में अशुद्धियां बेहद कम होती हैं। शब्द के प्रकारों की प्रकृति को समझ लेने पर हम शब्दों का विभाजन उनके प्रकारों के अनुसार ठीक ठीक कर सकते हैं। कार्यक्रम पूर्णत: संवादात्मक संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछ कर अपनी शंका का समाधान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम कुमार मिश्र ने किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में हिंदी के महत्वपूर्ण स्थान के विषय में बताया। उन्होंने यह भी बताया यदि सिलसिलेवार तरीके से हिंदी के व्याकरण को ठीक ठीक समझा जाए तो हिंदी बोलने और लिखने की अशुद्धियां दूर हो जाएंगी तब प्रतियोगी परीक्षा के लिए भी हम पूर्णत: तैयार हो जाएंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय मैं उपस्थित छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त सभी प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com


## प्रेमचंद स्मरण दिवस

दिनांक 08.10.2018

